STUDENT MAP

**Reg. No. :**

**Name :**

**SY-05**

**SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, MARCH 2020**

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें ।** **(5 × 1 = 5)**

1. सातवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ हुआ ?

   (लंदन, सूरीनाम, पेरिस)

2. इष्ट देव का इष्ट नैवेद्य क्या है ?

   (मंदिर, लड़की, कुमुद फूल)

3. कृष्ण के दुधिए दंतों को देखने के लिए यशोदा ने किसको बुलाया ?

   (नंद को, बलराम को, सहेली को)



Get All Question Papers & Notes on studentmap.in

STUDENT MAP

4. ‘आदमी का चेहरा’ कविता किसने लिखी?

(मैथिलीशरण गुप्त, अमृता प्रीतम, कुँवर नारायण)

5. ‘मेरे भारतवासियों.....’ किस विधा की रचना है ?

(कहानी, नाटक, भाषण)

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

ग्रानाइट चमकती रसोई में
फ्रिड्ज और माइक्रोवेव के
साथ होने पर ज़्यादा से
ज़्यादा चमक औ,
शान में रहती रसोई।

मसहरी-सुरक्षा में
ज़मीन पर धूप के
फैलने तक नींद में
पड़ी मैं, मगर नींद के
खुलने के पूर्व ही नोटीस
बैंक की आ धमकी सपने में।

6. कब तक मज़दूरिन नींद में पड़ी रही ? **(1)**

7. सपने की रसोई में कौन-कौन सी चीज़ें हैं ? **(1)**

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें। **(6)**



Get All Question Papers & Notes on studentmap.in

STUDENT MAP

9. सही मिलान करें । **(8 × 1 = 8)**

| | | |
|---|---|---|
| Affidavit | – | टीकाकरण |
| Bacteria | – | प्रतिमान |
| Certificate | – | उपग्रह |
| Energy | – | जीवाणु |
| Pattern | – | प्रमाणपत्र |
| Ratio | – | ऊर्जा |
| Satellite | – | शपथ–पत्र |
| Vaccination | – | अनुपात |

**सूचना : 10 से 14 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें ।** **(3 × 2 = 6)**

10. 'यह ख़त तुमको मिलेगा भी या नहीं' – बादशाह क्यों ऐसा सोचता है ?

11. पति द्वारा उपेक्षित मुरकी राजवंती के घर कैसे पहुँची ?

12. 'हाय ! मुरझा रहे
    दो सुरम्य सुकोमल रूप !' – दो सुरम्य सुकोमल रूप क्या–क्या हैं ?

13. 'कल रजिस्ट्री के बाद वह ज़मीन अपनी कहाँ रह जाएगी ।' रजिस्ट्री के पहले पिताजी को खेत देखने की इच्छा हुई । क्यों ?

14. 'हम खेले–कूदे हर्षयुत, जिसकी प्यारी गोद में' – मातृभूमि की प्यारी गोद में बैठकर हम क्या करते हैं ?



Get All Question Papers & Notes on studentmap.in

STUDENTMAP

**सूचना : 15 से 19 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखें।** **(3 × 4 = 12)**

15. जीवन-वृत्त के आधार पर प्रसिद्ध कवि कुँवर नारायण के बारे में अनुच्छेद तैयार करे।

| जीवन-वृत्त | | |
|---|---|---|
| नाम | : | कुँवर नारायण |
| जन्म | : | 1927 |
| जन्मस्थान | : | फैज़ाबाद, उत्तर प्रदेश |
| रचनाएँ | : | चक्रव्यूह, अपने सामने, कोई दूसरा नहीं, इन दिनों |
| पुरस्कार | : | ज्ञानपीठ |

16. जिन्हें न होता

दर्द का अहसास

आँसू ओस हैं। 'वेदना मन को पवित्र बनाती है।'

हाइकू के आधार पर अपना विचार स्पष्ट करें।

17. निम्नलिखित वाक्यों के आधार पर 'वह भटका हुआ पीर' संस्मरण के स्कूटरवाले के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

'मुझे लगा कि वह आम आदमी न होकर एक भटका हुआ पीर है, जो आपा-धापी की दुनिया में खुशी बाँटता फिर रहा है।'

'क्या आपने भी कभी इस भटके हुए पीर से मुलाकात की है ?'

18. 'तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा' – 'मातृभूमि' कविता में कवि ऐसा क्यों कहते हैं ?

19. 'बहादुरशाह ज़फर अंग्रेजों की कैद में है'। यह समाचार अगले दिन के अखबार में छप जाता है। वह समाचार तैयार करें।

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न संख्या 20, 21 के उत्तर लिखें।**



Get All Question Papers & Notes on studentmap.in

STUDENT MAP

आज हम जिस उपलब्धि का उत्सव मना रहे हैं, वह महज़ एक कदम है, नए अवसरों के खुलने का । इससे भी बड़ी विजय और उपलब्धियाँ हमारी प्रतीक्षा कर रही हैं । क्या हममें इतनी शक्ति और बुद्धिमत्ता है कि हम इस अवसर को समझें और भविष्य की चुनौतियों को स्वीकार करें ? भविष्य में हमें विश्राम करना या चैन से नहीं बैठना है बल्कि निरंतर प्रयास करना है ताकि हम जो वचन बार-बार दोहराते रहे हैं और जिसे हम आज भी दोहराएँगे, उसे पूरा कर सकें । भारत की सेवा का अर्थ है लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना ।

20. भारत की सेवा का अर्थ क्या है ? **(1)**

21. गद्यांश का संक्षेपण करें और शीर्षक लिखें । **(6)**

**सूचना : 22 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **(3 × 6 = 18)**

22. पद पढ़ें :

जबहीं बन मुरली स्रवन......
चकित भई गोप कन्या सब धाम काम बिसरीं ।।
कुल मरजाद बेद की आज्ञा नेकहु नाहिं डरीं ।
स्याम सिंधु सरिता ललनागन जल की ढर्रान ढरीं ।।
सुत पति नेह भवन जन संका लज्जा नहीं करी ।
'सूरदास' प्रभु मन हरि लीन्हों नागर नवल हरी ।।

कवि परिचय देकर भाव लिखें ।

23. 'ये दोस्ती.......हम नहीं तोड़ेंगे'

दोस्ती फिल्मी गीत सुनने के बाद एक लड़के की भेंट अपने पुराने मित्र से होती है । उन दोनों के बीच का वार्तालाप तैयार करें ।

- मित्रता की अनिवार्यता
- अच्छे मित्र के गुण
- अच्छी मित्रता की आवश्यकता



Get All Question Papers & Notes on studentmap.in

STUDENTMAP

24. "मन तो नहीं है पर आपकी प्रार्थना टाली भी नहीं जा सकती । अच्छा, अलमारी में से मेरी कॉपी निकालिए न" । 'दवा' कहानी का पात्र अनंगजी आत्मकथा लिखता है । वह आत्मकथांश 60–80 शब्दों में तैयार करें ।

- अनंगजी की बीमारी
- मित्र का मिलन
- अनंगजी का कविता–पाठ
- मित्र की मृत्यु

25. स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन होनेवाला है । समारोह का उद्घाटन शिक्षा मंत्री करेंगे । उसके लिए उचित पोस्टर तैयार करें ।

26. 'बेटी की विदा होने में अभी दो–चार दिन वक्त था । मगर ज़मीन की विदाई आज हो रही थी ।' दोनों विदाइयों पर पिता दुःखी हैं । पिता उस दिन की डायरी में अपने मन की संवेदनाएँ व्यक्त करता है । वह डायरी 60–80 शब्दों में तैयार करें ।

**सूचना : 27 से 30 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें ।** **($2 \times 8 = 16$)**

27. खंड का हिंदी में अनुवाद करें ।

Education plays an important role in everyone's life. It develops our analytical skill, character and overall personality. Quality and importance of the education is increasing day by day. Education helps a person to take better decision in his life.

(Education – शिक्षा, plays an important role – महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाना, develop – विकास, quality – गुण, analytical skill – विश्लेषणात्मक कौशल, character – स्वभाव, overall personality – समग्र व्यक्तित्व, day by day – दिन–ब–दिन, better decision – बेहतर निर्णय)



Get All Question Papers & Notes on studentmap.in

STUDENT MAP

28. "माँ, इसलिए तुमने मेरी इस वर्षगाँठ पर मुझसे प्रण लिया था कि मैं मुरकी को उसके जीते-जी कभी इस कोठरी में से नहीं निकालूँगा" । मुरकी की करुण कहानी ने कुमार के मन को विचलित कर दिया । मुरकी के बारे में कुमार अपने मित्र को पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।

- मुरकी का राजवंती के यहाँ आश्रय मिलना
- मुरकी का भाग जाना
- मुरकी का लौट आना
- माँ का प्रण

29. एक बड़ा घर बेचने के लिए तैयार है । इसकी बिक्री के लिए उचित विज्ञापन तैयार करें ।

- पार्किंग क्षेत्र (Parking area)
- लकड़ी की सामग्री (Wooden Materials)
- दुमंजिला (Double Storied )
- बड़े कमरे

30. 'हिंदी भाषा का महत्त्व एवं प्रचार' विषय पर 100-120 शब्दों में निबंध तैयार करें ।

- संपर्क भाषा के रूप में हिंदी
- विश्व भाषा के रूप में हिंदी
- हिंदी भाषा की उपयोगिता
- एकता की कसौटी

---



Get All Question Papers & Notes on studentmap.in